श्री गजानन महाराज प्रकटदिन महापर्व पर श्रीजी के पादुका की पालकी शोभायात्रा

# आध्यात्मिक उन्नति के लिए भक्ति, श्रद्धा आवश्यक : खोड़के




**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 9 फरवरी.** विधायक सुलभा खोडके ने कहा कि भक्ति और श्रद्धा ये दो सात्विक भाव मनुष्य की आध्यात्मिक उन्नति के लिए नित्तांत आवश्यक होते है. श्री संत गजानन महाराज ने अपनी दैवी शक्ति का प्रभाव प्रकट करके अनेक अद्भुत चमत्कार बताए. वे चमत्कार उन्होंने भक्ति-श्रद्धा का दुर्वांकुर निर्माण करने के लिए ही किए थे. रविवार, 8 फरवरी को संत गजानन महाराज प्रकटदिन उत्सव कार्यक्रम में वे बोल रही थी. विदित हो कि प्रतिवर्ष संत गजानन महाराज का प्रकटदिन उत्साह से मनाया जाता है. इस वर्ष माघ कृष्णपक्ष सप्तमी को श्री संत गजानन महाराज का 148वां प्रकटदिन मनाया गया.

उल्लेखनीय है कि विधायक सुलभा खोडके ने राठी नगर-गाडगे नगर, स्वामी विवेकानंद कालोनी रहाटगांव, साईनगर, फ्रेन्ड्स कालोनी, चक्रपाणी कालोनी, अर्जुन नगर, श्रीहरी नगर, प्रिया टाउनशिप, न्यू आईटीआई कोलोनी, कैम्प इन स्थानों पर जाकर संत गजानन महाराज के दर्शन करके उनका आशीर्वाद लिया. प्रकटदिन महोत्सव पर अमरावती शहर में आयोजित श्रीजी का अभिषेक, हरीपाठ, आरती, गीत गजानन, भजन संध्या, कीर्तन, महाप्रसाद, हभप संत कवि श्रीदास गणु महाराज कृत श्री गजानन विजयग्रंथ पारायण समारोह, पालकी समारोह, श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह आदि कार्यक्रम स्थलों पर उन्होंने भेंट दी. विधायक सुलभा खोडके के हस्ते श्रीजी की आरती की गई. इस अवसर पर सुलभा खोडके सहित विधायक संजय खोडके, यश खोडके उसी प्रकार राठी नगर-गाडगे नगर, स्वामी विवेकानंद कालोनी, रहाटगांव के नागरिक उपस्थित थे.

रवि राणा ने किए श्री गजानन महाराज के दर्शन

# अमरावती जिले का सर्वांगीण विकास हो : रवि राणा

### विभिन्न मंदिरों में जाकर किए देवी - देवताओं के दर्शन



श्री संत गजानन महाराज प्रकटदिन के महापर्व पर विधायक रवि राणा ने अमरावती शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के विविध मंदिरों को भेंट देकर दर्शन लाभ लिया. इस अवसर पर उन्होंने संत गजानन महाराज के चरणों में नतमस्तक होते हुए सर्वसामान्य नागरिकों के सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की. उन्होंने सुबह से ही विविध मंदिरों में उपस्थित रहकर आरती, पूजा व दर्शन किए.इस अवसर पर विधायक रवि राणा ने कहा कि, संत गजानन महाराज के विचार समाज में एकता, नैतिकता और सेवाभाव निर्माण करनेवाले है. अमरावती जिले का सर्वांगीण विकास किसान, युवा, महिला व सर्वसामान्य नागरिकों की समस्याएं हल हो, उसी प्रकार जिले में शांति व सद्भावना बनी रहे, इसके लिए उन्होंने विशेष प्रार्थना की. इस दौरे के अंतर्गत स्थानीय नागरिक, भक्तगण व कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्शाई. श्री संत गजानन महाराज के आशीर्वाद से अमरावती जिला प्रगतिपथ पर अग्रसर होगा, ऐसा विश्वास नागरिकों ने व्यक्त किया.

स्व. भैय्यासाहेब ठाकुर की स्मृति में होगा आयोजन

# कुर्हा में शंकरपट कल से



संवाददाता/ प्रतिदिन अखबार
कुर्हा, 9 फरवरी- कुर्हा गांव में शंकरपट प्रेमियों तथा कुर्हा गावकरी समिति की ओर से स्वर्गीय भैय्यासाहेब ठाकुर की स्मृति में 11, 12 और 13 फरवरी 2026 को भव्य शंकरपट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, यह प्रतियोगिता शिव लॉन (पकडे लॉन) के पास, कुर्हा-अमरावती रोड स्थित रफीक शेख के खेत परिसर में संपन्न होगी.

कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री एवं महिला व बाल कल्याण विकास विभाग की माजी मंत्री एड. यशोमति ठाकुर के हस्ते होगा, जबकि अध्यक्षता सांसद बलवंत वानखडे करेंगे. प्रतियोगिता में अ, ब और गांव गट ऐसे तीन वर्ग रखे गए हैं. अ गट की प्रवेश फीस 2100 रुपए है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 71,000 रुपए, द्वितीय 51,000, तृतीय 41,000 तथा अन्य आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं. बगट और गांव गट में भी विभिन्न स्तरों पर आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की गई है.

आयोजक समिति ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए विशेष नियम लागू रहेंगे तथा पशुओं की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा. शंकरपट समिति एवं उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक प्रतिभागियों और नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है.



# 51 रक्तदाताओं ने शिविर में किया रक्तदान

### स्व. पंकज लड्ढा और स्व. सुनील मानके की स्मृति में आयोजन

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 9 फरवरी-** युवा उद्योजक स्व. पंकज रमेशचंद्र लड्ढा और स्व. सुनील रामचंद्र मानके की स्मृति प्रित्यर्थ हाल ही में बडनेरा शहर के शांति नगर स्थित हरिगंगा क्लीनिक में मित्र परिवार की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था. इस शिविर में 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर दोनों दिवंगतों को श्रध्दांजलि दी.स्व. पंकज लड्ढा और स्व. सुनील मानके की स्मृति में हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन अजय जोशी, प्रवीण जाजू और मित्र परिवार द्वारा किया जाता है. इस वर्ष भी शांति नगर के हरिगंगा क्लीनिक में यह आयोजन किया गया था. इसमें समस्त मित्र परिवार ने बढ़-चढ़ कर सहभाग लिया. सर्वप्रथम स्व. पंकज लड्ढा और स्व. सुनील मानके के फोटो पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें आदरांजलि दी गई. 51 रक्तदाताओं ने शिविर में रक्तदान किया. इस अवसर पर अनेक प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित थे. मित्र परिवार की तरफ से बडनेरा प्रभाग क्रमांक 22 में नवनिर्वाचित हुए युवा स्वाभिमान पार्टी के चारों नगर सेवक किशोर जाधव अजय जयस्वाल, गौरी मेघवानी और रजनी डोंगरे का सत्कार किया गया. यह शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चला.

## गजानन अजमिरे का निधन, अंत्येष्टि आज

संवाददाता/प्रतिदिन अखबार
मोर्शी, 9 फरवरी- स्थानीय अजमिरे इंजीनियर व बिल्डर्स के संचालक विनोद व प्रदीप अजमिरे के पिता



गजानन चंद्रभान अजमिरे (88) का 9 फरवरी को निधन हो गया. वे अपने पीछे पत्नी, बेटियां, बहुएं, नातीपोतों से भरापूरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं. उनकी अंतिमयात्रा 10 फरवरी की सुबह 11 बजे अजमिरे ले-आऊट, मोर्शी से निकलेगी. हिंदू श्मशान भूमि, चांदूर बाजार रोड, मोर्शी में उनका अंतिम संस्कार होगा.

# पतझड़ के मौसम से महुआ फूलों की बहार

### सैकड़ों आदिवासी नागरिको को मिलता है रोजगार



**संवाददाता, प्रतिदिन अखबार**
**परतवाड़ा-दि. 9 फरवरी -** ग्रीष्मकाल ने दस्तक दी है. पतझड का मौसम प्रारंभ हो रहा है. ऐसे मौसम में परतवाडा से सटे मेलघाट के पहाडों में महुआ के फुलो की बहार खिली हुई है. इस मौसम में महुआ के फुलो की मादक खुशबू से पुरा मेंलघाट परिसर महक रहा है.

मेलघाट में बसे हजारो सालो से आदिवासी नागरिक तेंदू पत्ता के साथ साथ इस मौसम में महुआ के फुल चुनने का काम करते है. यह रोजगार का अच्छा जरिया है. घर में रहने वाले बुजूर्ग और महिलाएं तथा बच्चें महुआ के विशालकाय वृक्षों के निचे पतझड में झडे हुए पत्तो के निचे से महुआ के फुल इकठ्ठा करते है. उन्हे घर लाकर आंगण में सुखाया जाता है. और बाजार में उसे बेचा जाता है. वैसे खाने में भी यह फल स्वादिष्ठ होता है. इससे कच्ची शराब बनाइ जाती है. इसकी मादकता इतनी लाजवाब है. इसकी सुगंध से जंगल में मिलो दूर भालू को भी अपनी ओर खिंच लेती है. महुए के फुल खाने के लिए भालू उसके वृक्षों के पास खिचें चले आते है. ऐसे में महुआ के पेड के निचे महुआ के फुल इकठ्ठा कर रहे लोगो पर भी भालू हमला कर देते है. गर्मी का मौसम प्रारंभ होते ही मेलघाट में महुए की बहार आ जाती है.

# क्षयरोग पर एक दिन की जनजागृति और 75 हजार का बिल?

### कल्पना न की जाए तो बेहतर- मनपा आयुक्त के पास शिकायत, जांच की मांग



**अमरावती.** महानगर पालिका के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने क्षयरोग जनजागृति के लिए एक दिन का कार्यक्रम आयोजित किया और 15 बाय 15 का मंडप लगाया. इसके लिए 75 हजार रुपये का भुगतान सीधे ठेकेदार के खाते में जमा किए जाने की गंभीर शिकायत आयुक्त सौम्या शर्मा चांडक के के समक्ष विगत 4 फरवरी को की गई है. इससे मनपा के स्वास्थ्य विभाग में सरकारी निधि का किस तरह दुरुपयोग किया जाता है, इसकी कल्पना न करने की ही नौबत आ गई है.उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के जन्म-मृत्यु पंजीकरण विभाग में फर्जी प्रमाणपत्रों का मामला चल ही रहा था कि अब राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिनों के लिए मिली निधि के दुरुपयोग का एक नया मामला सामने आया है. महापौर श्रीचंद तेजवानी और उपमहापौर सचिन भेंडे के चुनाव से दो दिन पहले इस संबंध में आयुक्त के पास शिकायत दर्ज कराई गई. राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम को अमरावती महानगर में 100 दिनों तक चलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को 9 लाख 71 हजार रुपये की निधि प्राप्त हुई है. यह कार्यक्रम मनपा के अस्पतालों में लागू करने का ठेका एक ही व्यक्ति को दिया गया और केवल एक दिन का कार्यक्रम आयोजित किया गया.



उसमें भी केवल 15 बाय 15 का सिर्फ मंडप लगाया गया. अन्य कहीं भी क्षयरोग जनजागृति नहीं की गई. कार्यक्रम कागजों पर ही दिखाया गया, फिर भी कैम के कहने पर ठेकेदार के खाते में 70 से 75 हजार रुपये का भुगतान किया गया, ऐसा शिकायत में कहा गया है.विदित हो कि कुछ महीनों पहले मनपा के जन्म-मृत्यु पंजीकरण विभाग में फर्जी प्रमाणपत्रों के मामले में निबंधक और उपनिबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे. इस प्रकरण की जांच अतिरिक्त आयुक्त शिल्पा नाईक की अध्यक्षता में दो अधिकारियों की समिति ने की थी. यह मामला ताजा रहते हुए अब स्वास्थ्य विभाग में सरकारी निधि के दुरुपयोग का नया प्रकरण सामने आया है.

### मास्टरमाइंडकौन ?

मनपा के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग में शासन द्वारा दिए गए निधि का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जा रहा है. शिकायत में कहा गया है कि इस निधि के दुरुपयोग के पीछे कैम और चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी हैं. अमरावती महानगर के सभी आरोग्यवर्धिनी केंद्रों और शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के लिए संपूर्ण चिकित्सा उपकरणों व दवाइयों की फाइलें स्वयं ही कोटेशन सहित तैयार की जाती हैं और शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारियों पर आयुक्त का नाम लेकर दबाव डालते हुए उनसे हस्ताक्षर कराए जाते हैं. इस पूरे मामले पर आयुक्त द्वारा ध्यान देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है.

सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के संबंध में की गई शिकायत अभी तक मेरे पास नहीं आई है. इस शिकायत में वास्तव में क्या कहा गया है, यह जांच करने के बाद ही बताया जा सकेगा.
**डॉ. विशाल काले, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी**

### स्वास्थ्य का कामकाज कल्पना से परे

मनपा के स्वास्थ्य विभाग में दवाइयों के बिल 40 प्रतिशत तक बढ़ाकर पास किए जाते हैं. इसमें कमीशन के लिए आयुक्त और अतिरिक्त आयुक्त के नाम का इस्तेमाल किया जाता है. यह शिकायत करने वाले स्वास्थ्य कर्मचारी का दावा है कि उसके पास इससे जुड़े सभी सबूत मौजूद हैं. शिकायतकर्ता स्वास्थ्य कर्मचारी ने आयुक्त से शिकायत करते हुए इस पूरे मामले की गहन जांच किए जाने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने व सरकारी निधि के दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग की है.

# महास्ट्राइड एडवांटेज विदर्भ में आर्थिक रूप से प्रभावी प्रदर्शन

**अमरावती, 8 फरवरी-** राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज विवि में आयोजित एडवांटेज विदर्भ 2026 कार्यक्रम में महास्ट्राइड अमरावती विभाग की टीम ने अपनी प्रादेशिक क्षमता का सशक्त प्रदर्शन करते हुए औद्योगिक और पर्यटन क्षेत्र में निवेश संभावनाओं को रेखांकित करते हुए निवेश सुगमता, विभागीय समन्वय और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई. संभागीय आयुक्त डॉ. श्वेता सिंघल के मार्गदर्शन में विभाग की टीम में उद्योग विभाग के संयुक्त संचालक नीलेश निकम और मेलघाट बाघ परियोजना के पर्यटन प्रबंधक स्वप्निल बांगडे शामिल थे. टीम ने संभावित निवेशकों और औद्योगिक, पायाभूत और पर्यटन क्षेत्रों में कार्यरत केंद्र और राज्य सरकार के विभागों के साथ संवाद किया.इसका मुख्य उद्देश्य अमरावती क्षेत्र की कुल आर्थिक क्षमता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना था, यह कार्यक्रम विदर्भ के औद्योगिक विकास और निवेश के अवसरों को प्रदर्शित करने का प्रमुख मंच है. इस दौरान कृषि प्रसंस्करण, कृषि-प्रौद्योगिकी, वस्त्र उद्योग, इंजीनियरिंग, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में निवेश संभावनाओं को उजागर किया गया.



# यादगार रहा विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

### से.फ.ला. हाईस्कूल एवं कनिष्ठ , जैविक खेती का किया निरीक्षण

**संवाददाता/ प्रतिदिन अखबार**
**धामणगांव रेलवे, 9 फरवरी-** स्थानीय धामणगांव एज्युकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित से. फ. ला. हाईस्कूल एवं कनिष्ठ महाविद्यालय के कक्षा 11वीं विज्ञान शाखा के विद्यार्थियों ने फरवरी विगत दिनों एक शैक्षणिक क्षेत्रीय भ्रमण के अंतर्गत धामणगांव रेलवे के प्रगतिशील किसान एवं बालाजी फाउंडेशन के संचालक सुजीत मुंधड़ा की जलगांव (मं.) स्थित आधुनिक जैविक खेती का दौरा किया.इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बालाजी फाउंडेशन के अधिकारी विवेक चरजन, विवेक मोरे, सुयोग देशमुख एवं अजित मुन उपस्थित थे. इस अवसर पर विवेक चरजन ने विद्यार्थियों को विदर्भ क्षेत्र की पारंपरिक खेती एवं किसानों की समस्याओं के बारे में जानकारी दी. साथ ही आधुनिक खेती पद्धतियों के माध्यम से किसान किस प्रकार अपनी आय बढ़ा सकते हैं, इस पर मार्गदर्शन किया. उन्होंने विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में उपलब्ध व्यवसायिक अवसरों एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में भी विस्तार से समझाया.

सेंद्रिय खेती से संबंधित इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने कृषि विशेषज्ञों से प्राकृतिक खाद (कंपोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट), जैविक कीटनाशक निर्माण तथा टिकाऊ फसल पद्धतियों का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त किया. यह क्षेत्रीय भ्रमण मिट्टी के स्वास्थ्य, विषमुक्त खाद्य पदार्थों तथा पर्यावरण-अनुकूल कृषि तकनीकों को समझने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ.

इस कार्यक्रम की सफलता हेतु विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत शेंडे, उपप्राचार्य अनिल लाहोटी तथा पर्यवेक्षक प्रमोद हातकर ने विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया. इस क्षेत्रीय भ्रमण में कनिष्ठ महाविद्यालय के शिक्षक अमित देशमुख, इर्शाद कुरेशी, सोनाली राठी, निशा सोनी, रूपेश बजाज, गौरव रोंघे, रेशम लांबाडे, श्रद्धा तिडके, स्वप्निल ठाकरे एवं प्रतीक देशमुख उपस्थित थे.

## रामदास कनेर का निधन

संवाददाता/प्रतिदिन अखबार
पिंपलखुटा बड़ा, 9 फरवरी- पिंपलखुटा बड़ा में सामाजिक कार्य में अग्रसर, महारुद्र मारोति देवस्थान के उपाध्यक्ष रामदास वामनराव कनेर (76) का 8 फरवरी को हार्ट अटैक से निधन हो गया. वे अपने पश्चात पत्नी, 2 पुत्र, 1 बेटी ऐसा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं. उनके खेत में उनका अंतिम संस्कार किया गया.



## विवि में पूर्व विद्यार्थी संमेलन संपन्न

**अमरावती -** संत गाडगेबाबा अमरावती विद्यापीठ के समाजशास्त्र विभाग में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दृष्टी से अभ्यासेत्तर उपक्रम अंतर्गत रंगोली स्पर्धा, पोस्टरप्रदर्शनी, वादविवाद स्पर्धा, प्रश्नमंजुषा आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इसमें विद्यार्थियों ने उत्सफूर्त सहभाग दर्ज कर सृर्जनशिलता, विचारशक्ति तथा बौध्दिक क्षमता प्रस्तुत की.

# हल्दी-कुमकुम में देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम

### कलर सखी मंच का आयोजन



**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती 9 फरवरी-** कलर सखी मंच की ओर से 31 जनवरी को अध्यक्ष कविता राठी के मार्गदर्शन में हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर भारतीय संस्कृति की पारंपरिक रीति-रिवाजों को संजोते हुए देशभक्ति का संदेश अत्यंत आकर्षक और मनोरंजक ढंग से प्रस्तुत किया गया.

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसे आस्था एवं निशिता ने मनमोहक नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया. इसके पश्चात नम्रता चांडक और सारिका बजाज ने हल्दी-कुमकुम की परंपरा पर आधारित एक सुंदर नाटिका प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया.

मनोरंजन को आगे बढ़ाते हुए सरप्राइज उखाना प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें वैशाली ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. सर्किल गेम में राजश्री नावंदर और मोनिका केडिया विजेता रहीं. मराठी लोक संस्कृति की झलक दिखाते हुए प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा वर्षा राठी, मनीषा सारडा, पूजा बजाज और शीतल लखोटिया के सहयोग से शानदार मराठी नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने ह्यवंस मोरह्न देकर सराहा. हाउसी गेम में ऑरेंज लाइन से शांता चांडक, व्हाइट लाइन से मंजू गट्टानी और ग्रीन लाइन से मोनिका केडिया विजेता रहीं, जबकि अशोक चक्र का पुरस्कार राधिका राठी को मिला. संध्या मूंदड़ा, राधिका राठी एवं मंजू बंग को फुल हाउस पुरस्कार प्रदान किया गया. मंजू गट्टानी को लकी विनर तथा पूजा गोयंका को संक्रांति क्वीन घोषित किया गया.

रिपब्लिक डे थीम पर प्रतीक्षा काबरा, निशा कासट, मंजू परतानी, सुनीता जांगिड़, भावना अग्रवाल सहित अनेक सदस्यों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से भर दिया.

कार्यक्रम में मंच की इस कार्यक्रम में कलर सखी मंच की सदस्य लता मुंदडा, पूजा गोयंका , सोनाली चांडक वर्षा चांडक शीतल राजपूत सरिता राठी पुष्पा बजाज, मंजू सारडा ,राधिका राठी प्रगति जाखोटिया पूनम ,कीर्ति राठी , मनीषा राठी,वैशाली ठाकुर ,सुनीता काबरा,किरण मूंदड़ा ,राजश्री नावंदर,रोशनी सारडा, शीतल हेड़ा हेमा मालानी, सुनीता मालानी मोनिका केडिया , सरला चितलांगे मीणा उपाध्याय नेहा तापड़िया, रश्मि अग्रवाल, हेमा जाजू मधु परतानी निशा कासट ,चंचल चांडक सुनीता जांगड़ा ,प्रभा मेहता, प्रतीक्षा काबरा वर्षा राठी ,अंजू गट्टाणी,भाग्यश्री राठौड, मनीषा सारडा, नम्रता चांडक, पूजा बजाज ,सारिका बजाज ,शीतल लखोटिया भावना अग्रवाल ,सीमा मूंदड़ा,सुशीला गांधी इत्यादि सदस्य उपस्थित थे. अंत में अध्यक्ष कविता राठी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए. पूरा कार्यक्रम अत्यंत मनोरंजक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी रहा, जिसके लिए मंच ने आयोजकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त कियायह जानकारी कलर्स मंच की सूचना एवं प्रसार मंत्री राजश्री नावंदर ने दी.